IANS NEWS

प्राइड ऑफ नेशन समिट में निवेश में सुधार के तरीकों पर चर्चा

IANS Hindi October 8, 2018 27 Views IANS News

posted on Oct. 08, 2018 at 9:30 pm

0 Share

मुंबई, 8 अक्टूबर (आईएएनएस)| प्राइड ऑफ नेशन सीरीज अवॉर्ड एंड बिजनेस समिट में अर्थव्यवस्था के मुद्दों, भारत के विकास के पहलुओं और भारत में निवेश में सुधार के तरीकों पर पर विचार-विमर्श किया गया। पुरस्कार समारोह में उद्योग और समाज में विशेष कार्य के लिए कंपनियों को 'एशिया वन ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया गया।

एशिया वन और यूआरएस मीडिया के ग्लोबल हेड रजत शुक्ल ने कहा कि एशिया शिखर सम्मेलन का अगला सम्मलेन इंडो-सिंगापुर बिजनेस एंड सोशल फोरम 2018 सिंगापुर में जनवरी में आयोजित किया जाएगा।

यूआरएस मीडिया एंड एशिया वन मैगजीन द्वारा आयोजित इस समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका संजय गांधी, बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, हिरानंदानी ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. निरंजन हिरानंदानी सहित कई अन्य व्यवसायी और बुल्गारिया, बोत्सवाना, आइसलैंड, स्वीडन अर्जेंटीना, युगांडा, कुवैत और मलेशिया के राजनयिक उपस्थित रहे।